पंजाब केसरी 06/11/2024

सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जी.एम.एन. कॉलेज के कैडेट्स ने किया पर्यावरण के प्रति जागरूक

सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पर्यावरण जागरूकता तथा चुनौतियों पर गतिविधि के दौरान उपस्थित प्रधानाचार्य व अन्य। (चंदमोहन)

अम्बाला छावनी, 5 नवम्बर (मनीष) : सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पर्यावरण जागरुकता तथा चुनौतियों पर एक गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें जी.एम.एन कॉलेज तथा सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल के एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस विंग के कैडेट्स ने विशेष भूमिका निभाई।

यह कार्यक्रम सिक्ख सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के प्रधानाचार्या सुखजिंदर कौर कीथ एवं जी.एम.एन कॉलेज के एन.सी.सी एसोसिएट ऑफिसर डॉ.सुरेंद्र सिंह तथा एन.एस.एस प्रोग्राम ऑफिसर सरोज बाला द्वारा आयोजित करवाया गया।

इस पर्यावरण से संबंधित आयोजित प्रोग्राम में जी .एम .एन कॉलेज के एन .सी .सी तथा एन. एस एस विंग के बच्चों द्वारा सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों को पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए कुछ विशेष टिप्स बताए गए।

हमारे समाज में बच्चों द्वारा ही यह जागरूकता लाई जा सकती है, क्योंकि एक-एक बच्चे द्वारा ही यह जागरूकता पूरे समाज में फैलाई जा सकती है। जी .एम .एन कॉलेज के बच्चों द्वारा सिक्ख सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण से संबंधित चुनौतियां एवं समस्याओं का हम किस प्रकार से सामना कर सकते हैं इस विषय पर कुछ उपाय बताए गए। विद्यालय के बच्चों ने इन उपायों को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना और कॉलेज के बच्चों का धन्यवाद किया।

तत्पश्चात विद्यालय एंड कॉलेज के एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. विंग के बच्चों ने मिलकर पौधारोपण गतिविधि में भाग लिया। इस दौरान ऑफिसर सरोज बाला द्वारा सभी बच्चों को पर्यावरण से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक सुझाव दिए गए कि किस प्रकार हम स्वच्छ पर्यावरण में अपने आप को सुरक्षित एवं स्वस्थ रख सकते हैं। अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए बच्चों को जागरूक किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरदारनी सुखजिंदर कौर कीथ द्वारा बच्चों को आगे भी इसी प्रकार से विभिन्न गतिविधियों द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।